**Dainik Bhaskar, 27/09/2025, Saturday**

# बिट्स पिलानी में स्पिक मैके में कलाकारों ने दी प्रस्तुति

**पिलानी** | बिट्स पिलानी में स्पिक मैके क्लब ने राजस्थानी लोक संगीत कार्यक्रम हुआ । कार्यक्रम जेसी चौधरी एनएबी सभागार में हुआ। कलाकारों ने लोकप्रिय लोक और सूफी गीतों जैसे नींबूड़ा, मस्त कलंदर, पधारो म्हारो देस और चौधरी की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान रजिस्ट्रार कर्नल एस. चक्रवर्ती, प्रोफेसर यशवर्धन, प्रोफेसर संगीता शर्मा, प्रोफेसर मेघना तारे, प्रोफेसर राजन पांडे आदि मौजूद रहे। लोक कलाकार डॉ. कमाल खान मांगणियार का प्रदर्शन रहा।